# शीर्ष 500 निजी कंपनियों में रिलायंस अव्वल

## आईपीएल की पांच टीमें सूची में पहली बार




**नई दिल्ली, 25 जून. देश में वर्ष 2025 के लिए हुरुन इंडिया और बर्गंडी की निजी क्षेत्र की शीर्ष 500 कंपनियों की '500 मोस्ट वैल्युएबल नॉन-स्टेट-रन कंपनियां इन इंडिया' सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवें वर्ष इस सूची में शीर्ष पर है और सूची में पहली बार आईपीएल क्रिकेट की फ्रैंचाइजी फर्मों ने स्थान बनाया है, जो क्रिकेट को देश के कॉरपोरेट जगत के लिए कमाई की एक नयी उभरती संपत्ति के रूप में दर्शाता है.**

एक्सिस बैंक की बर्गंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया द्वारा तैयार की जाने वाली इस वार्षिक सूची में इस बार स्थान पाने वाली कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 3.4 लाख करोड़ डॉलर हो चुका है, जो दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बराबर है. रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लगातार पांचवें वर्ष देश की शीर्ष निजी कंपनी के रूप में पहला स्थान बरकरार रखा है, हालांकि प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है. सूची दर्शाती है कि क्रिकेट अब कॉरपोरेट पूंजी का रूप ले रहा है. इस सूची में पहली बार आईपीएल की पांच फ्रेंचाइज़ियों को स्थान दिया गया है. इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स 20,850 करोड़ रुपये की अनुमानित हैसियत के साथ 270 वें स्थान पर है. चेन्नई सुपर किंग्स 19,550 करोड़ रुपये की हैसियत के साथ 285 वें स्थान पर है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 16,700 करोड़ रुपये के साथ 330 वें स्थान पर है, राजस्थान रॉयल्स 15,700 करोड़ रुपये की हैसियत के साथ 343 वें स्थान पर है और पंजाब किंग्स 14,050 करोड़ रुपये की हैसियत के साथ 390वें स्थान पर है. रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह खेलों को एक नई उभरती हुई बाजार संपत्ति के रूप में स्थापित करता है.' वर्ष 2025 में इन 500 में से केवल 198 कंपनियों के मूल्य में वृद्धि दर्ज की गई. इस सूची के पांचवें संस्करण में इस बार 94 नई प्रविष्टियां हैं, जिनका संयुक्त मूल्य 18.45 लाख करोड़ रुपये है. यह देश में उद्यमशीलता के विस्तार को दर्शाती है.

> वर्ष 2021 के बाद से सूची की एक-तिहाई से अधिक कंपनियां बदल चुकी हैं, जो देश के कॉरपोरेट क्षितिज में तीव्र बदलावों को दर्शाता है. व्यवसायिक जगत के अवसर अब महानगरों से निकलकर छोटे शहरों तक पहुंचने लगे हैं. राजकोट, बीकानेर, कुंभकोणम और राजनांदगांव जैसे शहरों की कंपनियां सूची में शामिल हुई हैं, जो टियर-2 और टियर-3 शहरों के उदय को दर्शाती हैं.

# जेट फ्यूल संकट से हवाई सफर होगा महंगा

**25 प्रतिशद बढ़ सकते हैं टिकट के दाम**

**जेट फ्यूल की उपलब्धता को सीमित किया गया**



**नई दिल्ली, 25 जून. वैश्विक एविएशन सेक्टर एक बार फिर लागत संकट की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है. ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म मैकिंजी की रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि आने वाले समय में हवाई यात्रा 25 प्रतिशत तक महंगी हो सकती है.**

इस संभावित बढ़ोतरी के पीछे सबसे बड़ा कारण जेट फ्यूल की कीमतों में लगातार हो रहा इजाफा और सप्लाई में आई बाधाएं हैं. दुनिया के कई हिस्सों में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है. इसके साथ ही रिफाइनरी उत्पादन में आई कमी ने भी जेट फ्यूल की उपलब्धता को सीमित कर दिया है. इन दोनों कारणों का संयुक्त प्रभाव एयरलाइंस कंपनियों की लागत संरचना पर साफ दिखाई देने लगा है. मैकिंजी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि एविएशन इंडस्ट्री में फ्यूल लागत का हिस्सा बेहद महत्वपूर्ण होता है. औसतन किसी भी एयर टिकट की कीमत का लगभग 30 प्रतिशत केवल जेट फ्यूल पर निर्भर करता है. ऐसे में फ्यूल की कीमतों में मामूली वृद्धि भी टिकट दरों पर बड़ा असर डाल सकती है. कई देशों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने जेट फ्यूल रिजर्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं. हालांकि, इससे वैश्विक बाजार में आपूर्ति और मांग का संतुलन और अधिक प्रभावित हो सकता है. अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो एयरलाइंस कंपनियों को या तो अपने ऑपरेशनल मॉडल में बदलाव करना होगा या फिर बढ़ी हुई लागत का बोझ यात्रियों पर डालना होगा.

> वर्तमान समय में जब अंतरराष्ट्रीय यात्रा की मांग फिर से तेजी पकड़ रही है, ऐसे में टिकट कीमतों में संभावित बढ़ोतरी यात्रियों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकती है. खासकर मिडिल क्लास और बजट ट्रैवलर्स पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिल सकता है.



# टेलीकॉम डेटा पर सरकार का बड़ा फैसला

**विदेशी सर्वर पर डेटा भेजने पर रोक**

**भारत में डेटा सेंटर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा**

**बेंगलुरु, 25 जून. भारत में डिजिटल सुरक्षा और टेलीकॉम सेक्टर के संचालन को लेकर सरकार ने एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है. दूरसंचार विभाग द्वारा जारी नए नियमों के तहत अब देश के सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों को अपने यूजर्स का पूरा डेटा भारत के भीतर ही स्टोर करना अनिवार्य होगा.**

इसमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड, इंटरनेट उपयोग, लोकेशन डेटा और अन्य डिजिटल लॉग्स शामिल हैं. सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में यह डेटा देश की सीमाओं के बाहर नहीं भेजा जा सकेगा और न ही इसे किसी विदेशी एजेंसी या संस्था के साथ साझा किया जाएगा. इस फैसले का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की डिजिटल प्राइवेसी को मजबूत करना और डेटा सुरक्षा को सुनिश्चित करना है.

हाल के वर्षों में डेटा लीक और साइबर सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि डेटा लोकलाइजेशन से न केवल सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि भारत में डेटा सेंटर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा.

> नए नियमों के तहत टेलीकॉम सेक्टर में लंबे समय से चला आ रहा लाइसेंस राज भी समाप्त कर दिया गया है. अब कंपनियों को विभिन्न अनुमतियों और प्रक्रियाओं के लिए जटिल नौकरशाही से गुजरना नहीं पड़ेगा. अधिकांश अनुमोदन प्रक्रियाएं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जा सकेंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी. यह सुधार टेलीकॉम सेक्टर को अधिक पारदर्शी, कुशल और निवेश-हितैषी बनाएगा. इससे न केवल बड़ी कंपनियों को लाभ मिलेगा, बल्कि छोटे और नए ऑपरेटरों के लिए भी बाजार में प्रवेश आसान होगा.

# इबोला प्रभावित देशों पर नई सख्ती

## एयर सुविधा पोर्टल फिर से सक्रिय



**नई दिल्ली , 25 जून. इबोला वायरस का प्रकोप मध्य और पूर्वी अफ्रीका तक सीमित है. हालांकि, फ्रांस भी अलर्ट मोड पर आ चुका है. इबोला से प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों को लेकर भारत अलर्ट हो गया. इबोला से प्रभावित देशों से आने वाले या वहां से गुजरने वाले यात्रियों के लिए एयर सुविधा पोर्टल एक्टिव है.**

यात्री उतरने से पहले जरूरी सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म आसानी से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं. इससे पहले पेपर-बेस्ड प्रक्रिया फॉलो की जा रही थी. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा इबोला को अंतरराष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति (पीएचईआईसी) घोषित किए जाने के बाद से यह व्यवस्था लागू है. इसके तहत प्रवेश बिंदुओं (एयरपोर्ट, बंदरगाह आदि) पर स्वास्थ्य निगरानी को मजबूत करने के साथ-साथ यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के उपाय भी किए गए हैं. फ्रांस ने पांच ऐसे लोगों की पहचान की है और उन्हें आइसोलेट किया है जो इबोला वायरस से संक्रमित हो सकते हैं. ये लोग एक डॉक्टर के साथ फ्लाइट में सफर कर रहे थे, जिसका वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया था.

# शेयर बाजार की हुई मजबूत शुरुआत

**400 अंक चढ़ा सेंसेक्स**

**24,100 के पार हुआ निफ्टी**




**नई दिल्ली , 25 जून. गुरुवार की सुबह भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की, जिससे निवेशकों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई.**

बीते सत्र में हुई तेजी के बाद भी बाजार में खरीदारी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों ने मजबूती दिखाई. वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और स्थिर आर्थिक संकेतों ने घरेलू बाजार को सहारा दिया. सुबह 09:16 बजे जैसे ही ओपनिंग बेल बजी, बीएसई सेंसेक्स ने 367.18 अंक यानी 0.47% की बढ़त के साथ 77,358.40 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की. इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 104.75 अंक यानी 0.44% की तेजी के साथ 24,126.40 के स्तर पर खुला.

शुरुआती मिनटों में ही बाजार में खरीदारी का दबाव इतना मजबूत रहा कि सेंसेक्स 400 अंकों से अधिक की बढ़त दिखाने लगा. बाजार की इस तेजी में कई बड़े सेक्टर्स ने अहम भूमिका निभाई. विशेष रूप से आईटी सेक्टर में मजबूती देखने को मिली, जहां एचसीएल टेक जैसे दिग्गज शेयरों में लगभग 2% की बढ़त दर्ज की गई.

इसके साथ ही एविएशन सेक्टर की प्रमुख कंपनी इंडिगो के शेयरों में भी करीब 2% की तेजी देखी गई, जिसने निवेशकों के भरोसे को और मजबूत किया.

# अंत्योदय अन्न योजना में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली, 25 जून.** सरकार देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. इसके तहत अंत्योदय अन्न योजना में व्यापक बदलाव की तैयारी की गई है, जो देश के सबसे गरीब और वंचित तबके को सीधे प्रभावित करेगा. यह योजना उन परिवारों के लिए है जो गरीबी रेखा से भी नीचे जीवन यापन करते हैं और जिनके पास आय के सीमित या बिल्कुल भी साधन नहीं हैं. खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है. इस प्रस्ताव का उद्देश्य मौजूदा राशन वितरण प्रणाली में मौजूद खामियों को दूर करना और इसे अधिक पारदर्शी, संतुलित और जरूरत आधारित बनाना है.

# दो दिनों की गिरावट के बाद सोना-चांदी में लौटी तेजी

## एमसीएक्स पर दिखी रिकवरी



**नई दिल्ली , 25 जून. देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने के दाम 1200 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए. चांदी भी 4000 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2.31 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई.**

डॉलर की मजबूती और कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण कीमती धातुओं में यह तेज गिरावट देखी गई. यह लगातार दूसरा दिन है जब चांदी के भाव गिरे हैं. 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना मंगलवार के एक लाख उनचास हजार तीन सौ रुपये के बंद भाव से 1200 रुपये कम होकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया. चांदी भी 4000 रुपये गिरकर 2.31 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई. पिछले सत्र में चांदी 10,500 रुपये की भारी गिरावट के बाद 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी. यह दो सप्ताह से अधिक समय में चांदी की सबसे बड़ी गिरावट थी.

इन ताजा नुकसानों ने चांदी की कीमतों को अप्रैल की शुरुआत के स्तर पर धकेल दिया है. उस समय चांदी दो लाख सैंतीस हजार रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी. व्यापारी अब डॉलर-आधारित परिसंपत्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं. एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि डॉलर में जोरदार तेजी और सख्त मौद्रिक नीति की बढ़ती उम्मीदों ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा.

# ट्रेंट को नई ऊंचाई देकर चेयरमैन पद छोड़ेंगे नोएल टाटा

**मुंबई, 25 जून.** टाटा समूह की रिटेल शाखा ट्रेंट लिमिटेड में एक बड़े नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी शुरू हो गई है. कंपनी के चेयरमैन नोएल टाटा ने 23 जून को आयोजित 74वीं वार्षिक आम बैठक में संकेत दिया कि यह चेयरमैन के रूप में उनकी आखिरी एजीएम होगी.उनके इस बयान के बाद निवेशकों, बाजार विशेषज्ञों और उद्योग जगत में कंपनी के अगले नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. नोएल टाटा का नाम ट्रेंट की विकास यात्रा के साथ गहराई से जुड़ा रहा है.

# भारत ने सिंगापुर भेजा आमों का पहला समुद्री शिपमेंट



**नई दिल्ली, 25 जून.** ताजे फलों के निर्यात को बढ़ावा देते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान, लखनऊ के सहयोग से सिंगापुर को बंगानापल्ली आमों का पहला व्यावसायिक समुद्री शिपमेंट सफलतापूर्वक भेज दिया है. आंध्रप्रदेश के इस बेहद रसीले और मीठे आम की किस्म बंगानापल्ली के पांच टन की यह खेप 11 जून को रवाना हुई और वह 24 जून को सिंगापुर पहुँची.

यह सफल प्रयास भारत के बागवानी उत्पादों के लिए कम लागत वाली और टिकाऊ निर्यात व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ विदेशों में भारतीय आमों की बाजार पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.

## समाचार विशेष

# संसदीय बोर्ड में फड़नवीस या योगी . . ?





**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी में फैसला करने वाली सबसे बड़ी बॉडी संसदीय बोर्ड है. हालांकि सबको पता है कि चाहे कांग्रेस की सीडब्लुसी हो या भाजपा का संसदीय बोर्ड, फैसला ऊपर से दो या तीन लोगों को ही करना होता है. फिर भी भाजपा के संसदीय बोर्ड का सदस्य होना एक समय बहुत बड़ी बात मानी जाती थी. पार्टी के सबसे बड़े नेता ही इसके सदस्य होते थे. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों को इसमें रखा जाता था. हालांकि नितिन गडकरी को इसमें से हटा दिया गया है. अभी 12 सदस्य हैं, जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और संगठन महामंत्री पदेन सदस्य के तौर पर हैं. इनके अलावा राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा पूर्व अध्यक्ष के तौर पर हैं. बाकी लोगों में एक बीएस येदियुरप्पा और सर्बानंद सोनोवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने के बाद वहां सांत्वना के तौर पर एडजस्ट किया गया था.

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

EOI No.: HYV/Registrar/2026/968 — Durg, Date: 24-06-2026

**Hemchand Yadav University, Durg (C.G)** invites Expression of interest (EOI) from eligible and experienced organizations/agencies/companies for **establishing an Entrepreneurship, Incubation & Start-up Ecosystem** at the University campus in alignment with NEP 2020, Atal Innovation Mission, Startup India and MSME schemes.

**Scope:** Setting up & operating Incubation Centre | Mentorship & Training Programs | Start-up Support & Funding Linkage | IPR/Patent Assistance | Industry-Academia Collaboration | MSME Scheme Implementation | Digital Platform & Networking | Monitoring & Impact Assessment.

**Eligibility:** Registered entity in India | Min 3 years experience in incubation/entrepreneurship | Min 10 startups incubated | Prior experience with academic institutions (preferred) | DPIIT/NITI Aayog/MSME recognized (preferred) | Financially sound (3- year audited accounts required) | Not blacklisted.

**Focus Areas:** AgriTech | Health Teach /AYUSH | EdTech | Clean Tech | Mining Tech | AI/ML & IT | Tribal Art & Craft | Food Processing | Rural & Social Entrepreneurship

**Last Date: 20 July 2026, 2:00 PM** Detailed EOI document available at www. Durguniversity.ac.in

**Submit to:** Vice-Chancellor, Hemchand Yadav V ishwavidyalaya, Durg- 491001 (C.G.) Email: vc@hyudurg.ac.in

-Sd-
Registrar

48287/4

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नीमच जिला - नीमच (म. प्र. )

क्रमांक/मंडी/नि./26-27/240 नीमच, दिनांक 25.06.2026

- / / निविदा आमंत्रण सूचना / /-

प्रमुख अभियंता म.प्र.लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2026_MPSAM_517485_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 29.06.2026 समय 10.30 से दिनांक 20.07.2026 को साय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http//www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, नीमच
जिला - नीमच (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति, नीमच
जिला - नीमच (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 42/सिविल/26-27/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-12 तक

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 19.06.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_516480_1 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 68 के अन्तर्गत मेटल पेंचवर्क का कार्य करना। | 90 दिवस ₹5,86,920/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 02 | 2026_UAD_516482_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 60 के अन्तर्गत वर्षाऋतु में कीचड़ की समस्या के निराकरण हेतु मुरम चुरी डालने का कार्य करना। | 90 दिवस ₹7,81,700/- | ₹2,000/- ₹7,900/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 03 | 2026_UAD_516485_1 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 70 के अन्तर्गत कीचड़ समस्या निवारण हेतु मेटल पेंचवर्क का कार्य करना। | 90 दिवस ₹5,86,580/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 04 | 2026_UAD_516486_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अन्तर्गत कुम्हार खाड़ी, महेश यादव नगर में रणजीत मौर्य के घर से बबलू सोलंकी सांसद जी की गली तक क्षतिग्रस्त रोड़ का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹18,28,497/- | ₹2,000/- ₹13,800/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 05 | 2026_UAD_516487_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अन्तर्गत श्रीकांत पैलेस से चाणक्य व्यू अपार्टमेन्ट तक सड़क के दोनो तरफ एवं आसपास की गलियों में पेव्हर ब्लॉक लगाना एवं संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹4,38,280/- | ₹2,000/- ₹4,400/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 06 | 2026_UAD_516488_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अन्तर्गत आजाद नगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास की गलियों में सिमेन्टीकरण कार्य (रोड़ लेवलिंग) का कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹5,24,559/- | ₹2,000/- ₹5,300/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 07 | 2026_UAD_516489_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 03 के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर कीचड़ समस्या के निवारण हेतु मुरम चुरी डालना। | 90 दिवस ₹9,39,735/- | ₹2,000/- ₹9,400/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 08 | 2026_UAD_516490_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत सूचिबद्ध कॉलोनियों/बस्ती की क्षतिग्रस्त सड़को का सिमेन्टीकरण करना एवं संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹8,95,587/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 09 | 2026_UAD_516491_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत 56 दुकान पर आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹9,67,035/- | ₹2,000/- ₹9,700/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 10 | 2026_UAD_516492_1 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 70 के अन्तर्गत राज मोहल्ला (वाल्मिकी बस्ती) महर्षि वाल्मिकी सामुदायिक भवन की रंगाई पुताई एवं अन्य सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹7,60,748/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 11 | 2026_UAD_516495_1 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के अन्तर्गत स्कीम न. 94 सर्विस रोड़, गुलाब बाग के आस पास एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर कीचड़ समस्या हेतु मुरम चुरी एवं आवश्यक मटेरियल डालना। | 90 दिवस ₹9,18,186/- | ₹2,000/- ₹9,200/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |
| 12 | 2026_UAD_516496_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 के अन्तर्गत कॉलोनियों की सड़को एवं मुख्य मार्गो पर आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मुरम चुरी बिछाना। | 90 दिवस ₹3,72,520/- | ₹2,000/- ₹3,800/- | 06-07-2026 6.00 PM 08-07-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।